# Recommendation of DFO

वन मण्डल सिंगरौली के अंतर्गत प्रस्तावित वन भूमि रकवा 0.957 हे0 कक्ष क्रमांक पी.एफ. 262 संरक्षित वन भूमि है।

2. वन मण्डल सिंगरौली के अंतर्गत प्रस्तावित वन भूमि रकवा 0.957 हे0 वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 (2) नियम 2003 के तहत महाप्रबंधक झिंगुरदहा परियोजना एन.सी.एल. को बोदराटोला ग्राम की मौजूदा सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिये उपयोग पर दिये जाने का प्रस्ताव है।

3. वन मण्डल सिंगरौली के अंतर्गत प्रस्तावित वन भूमि कक्ष क्रं0 पी.एफ 262 इस वन मण्डल के प्रचलित कार्य आयोजना के अनुसार हाथी कोरीडोर में सम्मिलित है।

4. वन मण्डल की कार्य आयोजना में हाथी कोरीडोर के संबंध में निम्नानुसार प्रावधान किया गया है:—

(अ) 2.47 (9)— कोरीडोर में किसी भी प्रकार का कार्य जिससे कॉरीडोर की निरंतरता में व्यावधान उत्पन्न होता हो जैसे स्थायी भवन निर्माण, डिपो की स्थापना, लेबर कैम्प की स्थापना तथा अन्य स्थाई निर्माण कार्य आदि नहीं किये जावेंगे।

(ब) 2.47(10)— कोरीडोर में स्थित कक्षों को यथा संभव गैर वानिकी उपयोग हेतु हस्तानांतरित नहीं किया जाये। यदि ऐसा करना अवश्यंभावी हो तो सर्वप्रथम वैकल्पिक कॉरीडोर की स्थापना की जाये।

5. कार्य आयोजना के उक्त प्रावधान का पालन सुनिश्चित करने की शर्त पर स्वीकृति की अनुशंसा की जाती है।

वनमण्डल अधिकारी
वनमण्डल सिंगरौली (म० प्र०)